भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4278
जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 दिसम्बर, 2024 को दिया जाना है

नोटरी प्रमाण-पत्र

4278. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत वर्ष नोटरी परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बावजूद सरकार द्वारा आज तक प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रमाण-पत्र कब तक जारी किए जाने की संभावना है ; और

(ग) उक्त प्रमाण-पत्रों को शीघ्रातिशीघ्र जारी करना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की जा रही है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) से (ग) : केंद्रीय सरकार ने इस वर्ष 2024 में 18 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में 40,435 विधिक व्यवसायियों को अनंतिम रूप से नोटरी के रूप में नियुक्त करने का विनिश्चय किया है। व्यवसाय प्रमाण-पत्र अति शीघ्र जारी करने के लिए सरकार ने एक वेब पोर्टल अर्थात् नोटेरी पोर्टल आरंभ किया है। केन्द्रीय सरकार द्वारा वर्ष 2024 में, नोटरियों के रुप में नियुक्ति के लिए चयनित विभिन्न राज्यों के अभ्यर्थियों को, नोटरी पोर्टल के माध्यम से 16.12.2024 तक, 5554 डिजिटली रुप से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

****